हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 रंगोत्सव 2025 के छठे दिन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



12 पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की...



## खबर संक्षेप

### शक के आधार पर व्यक्ति काबू , पिसतौल बरामद

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने शहर की न्यू ऑटो मार्केट से एक व्यक्ति को काबू करके अवैध पिस्तोल बरामद किया है। मुख्य सिपाही सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान न्यू ऑटो मार्केट के गेट नंबर एक पर मौजूद थी कि उसी समय न्यू ऑटो मार्केट के अंदर से एक लड़का आता दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देख असहज हो अचानक से वापस जाने लगा।

### सरेआम जुआ खेलते हुए 5 व्यक्ति गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते हुए 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 13020 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शहर थाना पुलिस को सुचना मिली थी कि तोशाम रोड़ नहर के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे हैं। थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई।

### कोरोना का नया मामला कुल पॉजिटिव संख्या दो

**हिसार।** देश व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। इसी कड़ी में जिले में कोरोना का एक नया मामला सामने आया है, जिससे कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या दो हो गई है। एक कोरोनो का मरीज स्वस्थ्य हो गया है और उसका होम आइसोलेशन का समय पूरा हो गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार ताजा मामला शहर के अर्बन एस्टेट का है।

### स्कॉरपियो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हिसार।** निकटवर्ती गांव दुर्जनपुर के पास नेशनल हाइवे-9 पर बाइक सवार को स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल लगभग 41 वर्षीय बड़वाली ढाणी निवासी अजय कुमार गत सुबह बाइक पर हिसार से फतेहाबाद की ओर जा रहा था। मोटरसाइकिल उसके सेठ की थी।

### कैंसर जैसी भयानक बीमारी रसायनों की देन

**उकलाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन पैक्स बुडाखेड़ा में किया गया। इसमें निरीक्षक सतीश कुमार ने प्राकृतिक खेती को लेकर कहा कि आज खेती में रसायनों का उपयोग बढ़ चुका है जिस कारण अत्यधिक बीमारियां हो रही है। हमें प्राकृतिक खेती की ओर जाना चाहिए।

### जैन संस्कार शिविर में बच्चे ले रहे लाभ

**उकलाना।** श्री एसएस जैन सभा द्वारा जैन स्थानक उकलाना में हर वर्ष की तरह इस बार भी जैन संस्कार शिविर का शुभारम्भ नवकार महामंत्र के पाठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान रामचंदर जैन, सचिव सूर्या जैन, कैशियर हरीश जैन, उपप्रधान अनिल जैन तथा इस शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन दिनेश बंसल सुगन गोयल व राम बिलास जैन ने शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें, कोपियां, टीशर्ट वितरित की।

### निर्जला एकादशी पर लगी मीठे पानी की छबील

**उकलाना।** निर्जला एकादशी पर अनेक स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। फतेहचंद कॉलोनी में बच्चों ने मीठे पानी की छबील लगाई। वहीं शेर सिंह बत्रा के परिजनों ने उनकी याद में मीठे पानी की छबील लगाने का काम किया। शनि देव मंदिर पंडित कुलदीप भार्गव, सुरेश सेलवाल, हनुमान गोयल भी छबील लगाई।

## एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने एयरपोर्ट की तैयारियों का लिया जायजा

# हिसार से चंडीगढ़ को फ्लाइट नौ से, सीएम करेंगे शुभारंभ

हिसार से चंडीगढ़ का किराया 1923 रुपये और चंडीगढ़ से हिसार का किराया 2178 तय

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार से दिल्ली और हिसार से अयोध्या के बाद अब चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट को हरी झंडी मिली चुकी है। हिसार से चंडीगढ़ के बीच फ्लाइट सेवा का शुभारंभ 9 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। एलायंस एयरलाइंस का यह प्लेन 48 सीटर होगा। टिकट एयरलाइंस की वेबसाइट से ऑनलाइन बुक की जा सकेगी। पहली फ्लाइट के लिए सभी सीटें बुक हो चुकी है। हिसार से चंडीगढ़ का किराया 1923 रुपये और चंडीगढ़ से हिसार का किराया 2178 तय किया गया है। हिसार से चंडीगढ़ की दूरी करीब 252 किलोमीटर है। फ्लाइट में यह सफर सिर्फ 45 मिनट का होगा। फ्लाइट लेने के लिए यात्रियां को आधे घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंचना होगा। बता दें कि सड़क के रास्ते गाड़ी या बस में चंडीगढ़ जाने में करीब 4 घंटे लगते हैं।



**हिसार।** एयरपोर्ट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा। *फोटो : हरिभूमि*

### एडीसी ने अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश

शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के आयोजन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, यात्रियों की सुविधा व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हिसार-चंडीगढ़ हवाई सेवा के शुभारंभ से आमजन को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात साधन उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के दौरे और फ्लाइट शुभारंभ कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित किया जाए।

### ये रहेगी टाइमिंग

⏭सोमवार और शुक्रवार को चंडीगढ़ से फ्लाइट शाम 3:20 बजे उड़ेगी और शाम 4:30 बजे हिसार एयरपोर्ट टेकऑफ करेगी।

⏭सोमवार और शुक्रवार को हिसार से सोमवार शाम 4:55 बजे चंडीगढ़ जाएगी फ्लाइट और शाम 5:55 बजे चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेगी।

⏭प्रधानमंत्री ने 14 अप्रैल को किया था उद्घाटन

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार से दिल्ली और हिसार से अयोध्या के लिए फ्लाइट की शुरुआत 14 अप्रैल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसी दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने हिसार एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल टर्मिनल की आधारशिला भी रखी थी। इसे इंटरनेशल स्टैंडर्ड के हिसाब से बनाया जा रहा है। यह शंख के आकार जैसा दिखाई देगा। हिसार में 7,200 एकड़ जमीन पर एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकल्प के रूप में 3 चरणों में विकसित किया जा रहा है। इसे लेकर हरियाणा सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ है।

# मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- यूनियन ने ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** अधीक्षक अभियंता कार्यालय के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने ज्ञापन अधीक्षक अभियंता कार्यालय के अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। शुक्रवार को हुए रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सतबीर सुरलिया ने की जबकि संचालन जिला सचिव राजेश नलवा ने किया। इस दौरान प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति सरकार ग्राम पंचायतों के अधीन कर रही है इसको लेकर कर्मचारी वर्ग में बहुत अधिक रोष व्याप्त है संगठन इसका घोर विरोध करता हैं। इस मौके प प्रांतीय उप प्रधान विजय सिंह भादू, प्रांतीय संगठन सचिव जगदीश चंद्र, ग्रामीण ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया, प्रदीप कुमार, बृजलाल, सुरेश डाबला, इंद्राज फौजी, रामनिवास पाली, जय सिंह आदि रहे।

# गड्ढे में गिरने से रेहड़ी रिक्शा चालक की मौत

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

बीती रात हिसार मार्ग पर बरवाला और सरसौद के बीच रजवाहे के समीप लकड़ों से भरी रेहडी रिक्शा गड्ढे में गिरने से रेहडी रिक्शा चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल हिसार में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई ढाबी गुजरान तहसील पातडा जिला पटियाला पंजाब निवासी संजू के ब्यान पर इतफाकिया कार्रवाई की है। जांच अधिकारी एसआई अशोक जाखड ने बताया कि गांव ढाबी गुजरान तहसील पातडा जिला पटियाला पंजाब निवासी कालू राम (53) रेहडी रिक्शा पर लकडो को लादकर खनौरी से हिसार के लिए चला था। बीच रास्ते हिसार मार्ग पर बरवाला और सरसौद के बीच रजवाहे के समीप अचानक से रेहडी रिक्शा पलट गई और रेहडी रिक्शा और कालू राम गड्ढे में गिर गए। गड्ढे में गिरने से लकडो से भरी रेहडी रिक्शा कालू राम के ऊपर आ पड़ी।

### घायल करने में दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने 31 मई की जल्द सुबह डाबड़ा चौक के पास लड़ाई झगड़ा कर चोटें मारने के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजली गांव निवासी धनराज व कोथ कलां निवासी सोनू की गिरफ्तारी हुई है। जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र गोयत ने बताया कि 31 मई को अर्बन एस्टेट चौकी में सूचना मिली कि गांव धांसू निवासी प्रमोद लड़ाई झगड़े में लगी चोटों की वजह से सामान्य अस्पताल में दाखिल है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस टीम को धांसू निवासी प्रमोद ने शिकायत दी कि वह 30-31 मई की रात को डाबड़ा चौक स्थित एक होटल में अपने दोस्तों के साथ रुका हुआ था।

# पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

- नशा तस्करों को पकड़ने व नशीले पदार्थों की बरामदगी के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए अंबेडकर बस्ती में पुलिस ने संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की। पुलिस कर्मचारियों ने डॉग स्कवायड टीम सहित अंबेडकर बस्ती में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जल्द सुबह चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो, उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की। इस दौरान मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तु का कोई मामला सामने नहीं आया। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन से कहा कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।



**हिसार।** अंबेडकर बस्ती में सर्च अभियान चलाते पुलिस के जवान।

# बिना बेहोशी साइटिका नर्व का सफल इलाज

- पूरे विश्व में पहली बार बिना बेहोशी साइटिका का इलाज करने वाला मेडिकल बना अग्रोहा मेडिकल कॉलेज
- डॉ. इशू बिश्नोई की तकनीक को 'न्यूरोलॉजी इंडिया' ने किया नवाचार में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा के न्यूरोसाइंसेज़ विभाग ने चिकित्सा नवाचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विभाग के चिकित्सकों ने साइटिका नर्व की गंभीर समस्या से जूझ रहे मरीज़ों का बिना बेहोशी के सफल ऑपरेशन करने की एक नवीन तकनीक विकसित की है, जिसे विश्व में पहली बार डॉ. इशू बिश्नोई और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। विशेष रूप से, यह तकनीक उन रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही है जिनकी साइटिका नर्व कूल्हे में गलत इंजेक्शन लगने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। यह उन्नत इलाज दुनिया भर में कुछ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बेहोश कर किया जाता है, और अब



**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा का मुख्य द्वार।

### 11 मरीज़ों का सफलतापूर्वक इलाज

इस अभिनव तकनीक, जिसे 'अवेक साइटिका न्यूरोलिसिस' नाम दिया गया है, के माध्यम से हाल ही में 11 मरीज़ों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जिन्हें तत्काल रूप से दर्द से राहत मिली और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। यह प्रक्रिया मरीज़ के होश में रहते हुए की जाती है, जिससे बेहोशी से जुड़े जोखिम समाप्त हो जाते हैं और रिकवरी भी तेज़ी से होती है।

### 'न्यूरोलॉजी इंडिया' ने भी मान्यता दी

इस महत्वपूर्ण चिकित्सा नवाचार को भारत के प्रतिष्ठित न्यूरोसाइंस जर्नल 'न्यूरोलॉजी इंडिया' ने भी मान्यता दी है। जर्नल ने 'अवेक साइटिका न्यूरोलिसिस' तकनीक को अपनी नवाचार श्रेणी में स्थान दिया है, जो महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा के न्यूरो विभाग की विशेषज्ञता और डॉ. इशू की टीम के अग्रणी अनुसंधान क्षमताओं को रेखांकित करता है। 'न्यूरोलॉजी इंडिया' के मई 2025, वॉल्यूम 73(3), पेज संख्या 546-550 में इस तकनीक और इसके सफल परिणामों पर एक विस्तृत लेख प्रकाशित हुआ है, जिसका शीर्षक है 'अवेक साइटिक नर्व न्यूरोलिसिस आफ्टर इंजेक्शन इंजरी', जिसके प्रमुख लेखक डॉ. इशू बिश्नोई हैं।

### भारत में इस प्रकार का पहला सफल प्रयास : डॉ. कुमार

महाविद्यालय के न्यूरो विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि कूल्हे में गलत तरीके से इंजेक्शन लगने के कारण साइटिका नर्व को क्षति पहुंचने के मामले आम हैं, जिससे मरीज़ों को असहनीय दर्द और चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# कन्या बटालियन में एनसीसी कैडेट्स को सिखाया हथियार चलाना

- तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा 2 जून से 11 जून तक 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेंट जोसेफ्स इंटरनेशनल स्कूल चिकनवास में किया गया है। शिविर के चौथे दिन की शुरुआत कैडेट्स ने योग प्रशिक्षण से किया। तत्पश्चात, कैडेट्स को हथियार खोलना व जोड़ना हवलदार संदीप द्वारा सिखाया गया और शिविर के 287 कैडेट्स ने वेपन फायरिंग भी किया। इसके पश्चात मेजर आकांक्षा पांडे ने कैडेट्स को सेना में भर्ती होने के तरीके व तैयारी के बारे में बताया और भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित किया। कैडेट्स ने रुचि दिखाते हुए मेजर आकांक्षा पांडे के मार्ग दर्शन को सुना और बाद में प्रश्न भी पूंछे। रक्तदान शिविर में कुल 16 कैडेट्स और स्टाफ ने स्वेच्छा से रक्तदान दिया। शिविर में मेजर आकांक्षा पांडे, कैंप कार्यवाहक एसएम सूबेदार नीरपाल, सीनियर जीसीआई निशा, सूबेदार टेक सिंह आदि रहे।



**हिसार।** हथियार चलाने का अभ्यास करते कैडेट्स। *फोटो : हरिभूमि*

# छह छात्रों को अमूलफेड डेयरी में मिली प्लेसमेंट

- छात्रों की सफलता पर गुजवि में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से अमूलफेड डेयरी के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी प्रोग्राम के छह विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्री-प्लेसमेंट सत्र के दौरान, अमूलफेड डेयरी के एचआर मैनेजर समीर मोदी ने कंपनी के बारे में एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि अमूलफेड डेयरी एक नई स्वचालित दूध उत्पादन सुविधा का निर्माण कर रही है, जिसके पूरा होने पर एशिया का सबसे बड़ा डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र होने की उम्मीद है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी प्रोग्राम के 24 विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑनलाइन टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के संचालन के लिए समीर मोदी और अमूलफेड डेयरी टीम को धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों का चयन 9.2 लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ किया गया है।



# सेक्टर 9-11 निवासियों ने निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**हिसार।** सेक्टर 9-11 के श्रद्धालु एवं सेवा-भावी निवासियों द्वारा पवित्र निर्जला एकादशी के अवसर पर छबील का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडे मीठे जल एवं शरबत का वितरण किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। राहगीरों, श्रमिकों, वाहन चालकों व आम जनमानस ने इस छबील से लाभ उठाया और आयोजकों की सराहना की। आयोजकों में सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, प्रदीप शर्मा, रमेश शर्मा, यशपाल राणा, आचार्य सीता राम, नफे सिंह खटकड़, जर्मन सिवाच, वरुण, शांति देवी , माया देवी, ललिता शर्मा, कमलेश शर्मा, सीमा पानू, कविता राणा, प्रियंका शर्मा, मुकेश जांगडा, नरेश शर्मा, दिनेश जोगी, रमेश सैनी ने सेवा कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## गांव माजरा के सचेत किसानों ने साजिश को किया नाकाम

# फर्जी तरीके से मुआवजा हड़पने की रची साजिश

- कृषि व डीसी को शिकायत भेजकर सरकार से जांच की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव माजरा में फर्जी तरीके से फसल बीमा की राशि हड़पने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। गांव के किसानों को समय रहते इसकी भनक नहीं लगती तो उनकी जमीन पर साजिशकर्ता लाखों रुपये का फसल बीमा हड़प जाते। इस मामले में कृषि विभाग के कर्मचारी और बीमा जारी करने वाली कंपनी के कर्मचारियों सहित काफी लोगों की भूमिका संदेह के घेरे में हैं। पीड़ित किसान ने इसकी शिकायत कृषि मंत्री सहित जिला उपायुक्त से भी की है। किसानों ने सरकार से मामले की जांच की मांग की है। उधर, गांव के सरपंच रामकेश, कर्ण, जयबीर इत्यादि ने बताया कि इस मामले में पैसे का कोई लेनदेन नहीं पाया गया है और न ही कोई दोषी पाया गया है। गलतफहमी की वजह से यह सारा मामला हुआ है। जिला उपायुक्त को लिखित में शिकायत दी थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर जांच की तो गबन का कोई मामला नहीं पाया गया।

### सूची में 40 किसान ऐसे किसान जो माजरा के नहीं

कृषि विभाग से ही पता चला है की सूची में लगभग 40 नाम ऐसे हैं जिनको जमीन ठेके पर दी गई है। जो कि माजरा गांव के निवासी ही नहीं है। जिस जमीन पर सरसों फसल का मुआवजा मांगा गया था उसकी रिपोर्ट हलका पटवारी से ली जाए। तो खुलासा होगा कि इस जमीन पर कभी सरसों की बिजाई हुई ही नहीं। आरोप है कि ऐसा फर्जीवाड़ा किसी कृषि अधिकारी की मिली भगत की वजह से नहीं हो सकता इसलिए नारनौंद के कृषि विभाग के कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। किसान रामफल ने बताया कि जिन 40 किसानों के इकरार नामे पेश किए गए हैं। उनमें से अधिकतर नाम एक ही परिवार के लोगों के हैं।

### लजवाना कलां के अंकित ने खुद को दिखाया माजरा निवासी

*माजरा निवासी किसान रामफल ने बताया कि कृषि विभाग से पता चला कि मेरी भूमि पर लजवाना कलां के अंकित को माजरा गांव का निवासी दिखाकर भूमि का झूठा काश्तकार भूमि इकरारनामा कृषि विभाग में जमा करवाया हुआ है और सरसों की फसल दिखाकर मुआवजे की मांग की गई थी। इकरार नामे पर शमशेर नंबरदार की मोहर व हस्ताक्षर हैं। इस नाम का कोई भी नंबरदार हमारे गांव में नहीं है। पटवारी के कालम में भी कपिल नाम के हस्ताक्षर हैं जबकि माजरा गांव में कोई भी इस नाम का पटवारी अब तक तैनात नहीं हुआ। यह मामला काफी बड़ा है।*



कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।



चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

## कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइटिंस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइटिंस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइटिंस्ट के स्किल

डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।

### बेसिक से शुरूआत करें

यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरुआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।

### डिग्री का स्तर बढ़ाएं

डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच** : सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है** : सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

### रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें:** उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं** : रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें:** हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें:** रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें:** अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

### अभियान भविष्य के लिए हरा-भरा पर्यावरण बनाने के लिए सार्थक कदम : जिंदल

# वार्षिक प्लास्टिक अपशिष्ट सामूहिक अभियान में समुदायों को किया शामिल

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हैशटैग स्विचटूस्टेनलैस अभियान जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। संग्रह किया गया प्लास्टिक अपशिष्ट। फोटो : हरिभूमि

स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने कर्मचारियों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हैशटैग स्विचटूस्टेनलैस अभियान जारी किया। कंपनी ने ओडिशा के जाजपुर और हरियाणा के हिसार में स्थित अपने कॉरपोरेट कार्यालयों और विनिर्माण संयंत्रों के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर में स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों में अपने वार्षिक प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह अभियान के चौथे संस्करण की शुरुआत की। इस वर्ष एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, कंपनी के परिसर के साथ-साथ हिसार के पटेल नगर और जाजपुर के सोलई व सिंगागड़िया में स्थानीय समुदायों को भी अभियान में शामिल किया गया और इन स्थानों पर समर्पित संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए। घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने के प्रयासों से इस पहल को जमीनी स्तर पर समर्थन मिला। इस अवसर पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि हमारा वार्षिक प्लास्टिक अपरिष्ट संग्रह अभियान भविष्य के लिए हरा-भरा पर्यावरण बनाने के सिलसिले में एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है। उन्होंने बताया कि 2023 में हमने दो टन अपशिष्ट एकत्र किया था, जो इस साल बढ़कर 13.5 टन हो गया है। यह अपने उद्देश्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष के अभियान में हिसार से 3,795.8 किलोग्राम, जाजपुर से 8926 किलोग्राम और दिल्ली-एनसीआर के कार्यालयों से 769.50 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र किया गया। एकत्र किए गए अपशिष्ट से मेज, कुर्सियां और कूड़ेदान जैसी काम की चीजें बनाई जाएंगी।

## घर-घर सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएगा संकल्प से सिद्धि अभियान

**हिसार।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो कहा, वो पिछले 11 सालों में पूरा किया और उसे सिद्धि तक पहुंचाया।



वर्ष 2014 से पहले और आज के समय का मूल्यांकन करेंगे तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। इन 11 सालों में भारत ने तेजी से तरक्की की है। पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, इस संकल्प को हम सभी को मिलकर सिद्धि तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज का यह भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। देश और देशवासियों का आत्म निर्भर व सशक्त बनाने से लेकर देश की सैन्य शक्ति को बढ़ाने तक का सफर पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रभक्ति के साथ किया है। सुनीता रेड्डू ने कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्षों में आमजन की जीवन न केवल सरल हुआ है, बल्कि सुखमयी बना है। देश व प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है।

## संत कबीर जयंती पर सिवानी बोलान में 627वां जन्मोत्सव समारोह कल

**हिसार।** गांव सिवानी बोलान स्थित बाबा बुकन दास जी समाधि स्थल पर शनिवार 8 जून को संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब जी का 627वां जन्मोत्सव समारोह बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक्साइज एवं टैक्सेशन विभाग से जॉइंट कमिश्नर कृष्ण कुमार, रिटायर्ड आईजीपी जगदीश चन्द्र नागर तथा रिटायर्ड एडीसी रोशन लाल शिरकत करेंगे।

इसके अलावा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक सुरेन्द्र सैनी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार संत सेवा समिति के पूर्व प्रधान रतन कुमार बडगुर्जर करेंगे। यह आयोजन प्रातः 10 बजे शुरू होगा, जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, संत-सेवकों और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा आज हिसार दौरे पर

**हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 7 जून को हिसार दौरे पर रहेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सुबह 10:30 बजे गांव बाडो पट्टी में श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 2 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

## पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के प्राणवायु क्लब द्वारा, कुलपति डॉ. नरेश जिंदल के मार्गदर्शन में, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रभावशाली गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरणीय जागरूकता और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय समुदाय में पर्यावरणीय मुद्दों जैसे वनों की कटाई, जल संकट, प्लास्टिक प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर ध्यान आकर्षित करने के लिए छोटे वीडियो, पोस्टर और वृक्षारोपण गतिविधियों के माध्यम से एक जागरूकता अभियान चलाया गया। एक स्वच्छता एवं परिसर सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक कचरा एकत्र किया, हरित क्षेत्रों की सफाई की और कचरा पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण पर आधारित सूचनात्मक पोस्टर लगाए।

## पुलिस जवानों को स्वस्थ रखने का प्रयास

- जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस लाइन में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम के तहत योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस जवानों ने योग किया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि योग शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली के लिए योग का महत्व समझाना है। पुलिस के जवान स्वस्थ और खुश रहें, इसके लिए खास प्रयास किए जा रहे है। योग शिविर में आयुष विभाग से कुलदीप शर्मा और योग शिक्षक विजेंदर ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को योगाभ्यास करवाया। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2025-26 की तिथि घोषित

**हिसार।** हिसार सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2025-26 का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई के बीच किया जाएगा। यह परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी होने से लगभग 3-4 दिन पहले एसएमएस/ईमेल द्वारा उनके परीक्षा केंद्र के स्थान की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विशिष्ट परीक्षा केंद्र का पता एडमिट कार्ड पर दर्शाया जाएगा। उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। भर्ती निदेशक ने कहा कि रिपोर्टिंग टाइम और गेट बंद होने का समय एडमिट कार्ड पर दिया जाएगा।

### कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों को भ्रमण के लिए किया रवाना

# छात्रों ने किया मनाली का शैक्षणिक भ्रमण

- जिसमें सभी छात्र - छात्राओं ने प्रकृति की वादियों का आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। मनाली में शैक्षणिक भ्रमण करते महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों। फोटो : हरिभूमि

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोक चंद स्कूल की ओर से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा ने कक्षा 5 से 12 तक के छात्र - छात्राओं को मनाली हिमाचल भ्रमण के लिए रवाना किया। जिसमें सभी छात्र - छात्राओं ने प्रकृति की वादियों का आनंद उठाया। छात्र-छात्राओं ने चार दिन के भ्रमण में कुल्लू मनाली, माता हिडिंबा मंदिर, मॉल रोड, वाटर पार्क और रोहतांग की बर्फबारी, पैराग्लाइडिंग, जिपलाइन रिवर राफ्टिंग का आनंद लिया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने अटल टनल का भ्रमण भी किया। कुल्लू मनाली से 51 किलोमीटर दूर रोमांचक सफर में 8 से 10 फीट ऊंची बर्फ की दीवारें देखकर सभी विद्यार्थी, अध्यापिकाएं व अध्यापक गदगद हो गए।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम..........................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी..........................
पता..........................तहसील ..............पिन..............
जिला .............. फोन नं. .............. एजेंट का नाम ..........................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ⏭ **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ⏭ योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ⏭ **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ⏭ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ⏭ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ⏭ हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ⏭ यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ⏭ वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ⏭ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ⏭किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ⏭ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ⏭ हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ⏭ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ⏭ प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ⏭ पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ⏭ किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ⏭ अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ⏭ ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ⏭ विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ⏭ प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ⏭ सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

**हरिभूमि कार्यालय : 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**
**फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005**

## खबर संक्षेप

### 2 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक काटे चालान

**हिसार।** नगर निगम की स्वच्छता टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान बस स्टैण्ड के आस-पास के क्षेत्र में 9 दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 2 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के तथा 2 लोगों द्वारा खुले में कचरा डालने पर 1200 रूपये के चालान किए। इस दौरान टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, रवि सिंधवानी मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी पर सरसौद में भजन-कीर्तन

**हिसार।** दिव्य देव स्थानम मन्दिर, सरसौद में वर्ष की सबसे बड़ी निर्जला एकादशी पर संस्थापक सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा एकादशी व्रत की कथा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। पं. गणेश शास्त्री ने निर्जला एकादशी व्रत की कथा सुनाई। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसायटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने एकादशी के महत्व के बारे में बताया कि वर्ष भर में आने वाले सभी व्रतों में एकादशी का व्रत सबसे ज्यादा कल्याणकारी व इनमें निर्जला एकादशी का व्रत उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### भाविप गायत्री शाखा ने लगाई दूध की छबील

**बरवाला।** प्रमुख समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद्, गायत्री शाखा द्वारा दौलतपुर मार्ग पर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में बाबा श्याम की मूर्ति स्थापना एवं निर्जला एकादशी पर मीठे दूध की छबील सेवा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाविप शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव राजेन्द्र भट्ट, मनीष गोयल, गुंजन गोयल, कविता वर्मा, जिले सिंह, सुरेश गोयल, रामनिवास वर्मा रहे।

### एसडीएम ने किया शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन

**हिसार।** मारुति नंदन सेवा ग्रुप द्वारा शुक्रवार सुबह बस स्टैंड परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हांसी उपमंडल के एसडीएम राजेश खोथ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में नवनिर्मित शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पार्षद सरोज जैन, पूर्व नगर पार्षद अनिल जैन, दीपक महिपाल सहित मारुति नंदन सेवा ग्रुप के अन्य सदस्य गण तथा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### निगम के अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**नारनौंद।** जिले के गांव राजपुरा में दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बिजली अधिकारियों द्वारा ग्रामीण उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गई और उनका मौके पर ही निपटारा किया गया। समाधान शिविर में बिजली निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणों से कुंडी कनेक्शन न लगाने का अनुरोध किया। इस मौके पर बिजली निगम के एरिया इंचार्ज प्रमोद कुमार, सीनियर जेई मंजीत यादव आदि मौजूद रहे।

### मां संतोषी आश्रम लगाई ठंडे पानी की छबील

**हिसार।** श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम मॉडल टाऊन में हर वर्ष की भांति शुक्रवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में ठंडे पानी की छबील लगाई गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी का प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धा अनुसार दुध, बर्फ, चीनी, रुह अफजा व धनराशि का दान किया। इस दौरान अनिल महता, रमेश चुघ, जयप्रकाश जेपी ने सेवा कार्य में भाग लिया।

### तरबूज, आम एवं लीची का प्रसाद वितरित किया

**हिसार।** खजान्चियान बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में निर्जला एकादशी पर फल भंडारा एवं छबील लगाई गई। इस अवसर पर तरबूज, आम, लीची एवं दूध की ठंडाई का प्रसाद श्री ठाकुर जी को लगाया गया फिर भंडारे में वितरित किया गया। मन्दिर के महंत राहुल शर्मा ने निर्जला एकादशी के बारे में बताते हुए कहा कि निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं।

---

### नगर निगम के वेस्ट टू बेस्ट समर कैंप का समापन

# वेस्ट टू बेस्ट के अंतिम दिन बच्चों ने टायरों से बनाए गमले, दिया सम्मान

अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** अपने बनाए गमलों व अन्य सामान के साथ प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम की ओर से अर्बन एस्टेट के सामुदायिक केन्द्र में वेस्ट टू बेस्ट पर समर कैंप का समापन शुक्रवार को हो गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, सचिव राहुल सैनी, पार्षद संजय डालमिया, जेई सुमित, सुपरवाईजर नरेन्द्र श्योराण, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़ व रवि सिंधवानी मौजूद रहे। समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने कहा कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार का यह पहला प्रयास है, जो सफल रहा। उन्होंने मेयर, निगमायुक्त और सभी प्रतिभागियों, ट्रेनरों, बैंक अधिकारियों और पार्षदों का समर कैंप को सफल बनाने के लिए आभार जताया और कहा कि इंडसइंड बैंक का समर कैंप में पूरा सहयोग रहा। वेस्ट टू बेस्ट के अंतिम दिन बच्चों ने टायरों से गमले बनाए गए। इसी के साथ बच्चों ने वेस्ट खाली बोतलों व वेस्ट खाली डिब्बों पर रंगों के सहायता से सुंदर सुंदर रंग करके गमले तैयार करके उनमें पौधे लगाए। इसी के साथ बच्चों ने ट्रेनरों ने बच्चों को जुट के टुकड़ों लकड़ी के टुकड़ों व वेस्ट अखबार, फेवीकोल, क्ले की सहायता से दीवारों पर लगाने के लिए सुंदर-सुंदर कलाकृति बनाई। वेस्ट बोतलों के रंग करके पेन स्टेंड व फ्लावर पोट बनाए। कांच की बोतलों को रंग करके उनमें लकी बांस, मनी प्लांट, पोथोस, पीस लिली लगाए गए। इस दौरान समर कैंप के प्रतिभागी और मौजूद सभी ने कम्युनिटी सेंटर के कॉर्नर को सुंदर रूप देने के लिए पौधारोपण किया। वेस्ट टू बेस्ट समर कैंप के समापन पर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वेस्ट टू बेस्ट समर कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में चिराग, ईशु, हंसिका, रिशिका, आस्था, विवांश, सौम्या, ईशा, दृष्टि, मनीषा, चेतन, डिम्पल, साहिबा, अक्षरा, पावनी, लिशिका, ईशांत, डिम्पल सैनी, कमला सैनी, पुष्पा सैनी इसके अलावा इंडसइंड बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बलबीर जागड़ा और सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर अजीत जागड़ा, ट्रेनर सुनील माकड, सोमेश सोनी और आचल बंसल, डिम्पल सैनी, कमला सैनी, संजय अग्रवाल, दिनेश बिश्नोई, संजय मित्तल, अनिल गोयल, पुष्पा सैनी, अग्रवाल सेवा समिति प्रधान जयकुमार बंसल सहित प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

## रंगोत्सव 2025 के छठे दिन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**हिसार।** रंगोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

- साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा पर जागरूकता सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रंगोत्सव 2025 का छठा दिन रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता का अनूठा संगम रहा। इस दिन बच्चों ने चित्रकला की कार्यशाला में भाग लेते हुए अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से सुंदर चित्रों में ढाला और अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और जन-जागरूकता पर आधारित जानकारी सत्र, जिसमें हिसार पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम से जुड़ी सावधानियों, महिला सुरक्षा के अधिकारों बच्चों को गुड टच बेड टच, ट्रैफिक नियमों का पालन और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस जागरूकता सत्र ने बच्चों के साथ-साथ उपस्थित अभिभावकों को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। आकार वेलफेयर सोसायटी लगातार इस प्रकार की रचनात्मक और जागरूकता आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित कर रही।

इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य और पुलिस विभाग से आए अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## निर्जला एकादशी पर आलू व शीतल पेय का लगाया भंडारा



**हिसार।** निर्जला एकादशी पर शीतल पेय वितरित करते श्रद्धालु।

**हिसार।** विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय सचिव हरीश वर्मा की टीम ने मढ़ी मंदिर के बाहर निर्जला एकादशी पर आलू व शीतल पेय का लगाया भंडारा। मंदिर में निर्जला एकादशी पर छबील में लोगों को शीतल पेय मेंगो जूस, लीची जूस, एपल जूस, जीरा की बोतलों का वितरण किया गया। मंदिर के महंत पवन शर्मा, ने बताया कि निर्जला एकादशी पर दान-पुण्य का बड़ा ही महत्व है। इस मौके पर समाजसेवी चन्द्र भान गांधी, पार्षद राजेन्द्र बिड़लान, तारा चंद प्रधान, पिंकी खन्ना, राम बठेजा मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर छबीलों से सिंगल यूज प्लास्टिक किए जब्त

- निगम प्रशासन ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत मार्केटों में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

नगर निगम प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को राजगुरू मार्केट, रेड स्क्वेयर मार्केट, पीएलए मार्केट, पटेल नगर मार्केट में सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा नगर निगम के टीम के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक में पाबंदी लगाते हुए पटेल नगर, सेक्टर 9-11, दिल्ली रोड और आजाद नगर में एकादशी पर लगाई गई पानी की छबील में सिंगल यूज प्लास्टिक गिलास यूज करने वालो के सिंगल यूज गिलास जब्त किए गए। इसके साथ पर पानी पिलाने के लिए उन्हें स्टील के गिलास प्रयोग करने के लिए कहा गया। इस दौरान सीएसआई राजकुमार, एसआई कपिल, एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, सीटीएल प्रदीप जाखड मौजूद रहे।



**हिसार।** छबील से सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करती अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल।

अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल स्वयं निर्जला एकादशी पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में छबीलों का निरीक्षण करने पहुंची तो उन्होंने देखा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के गिलासों में मीठा पानी पिलाया जा रहा था और डिस्पोजल का कचरा फैलाया जा रहा था।

## सुविधा: बिजली निगम में ब्याज माफी योजना 31 अगस्त तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

बिजली निगम राजगढ़ रोड ऑपरेशन डिवीजन नंबर दो के कार्यकारी अभियंता विनीत पातड़ ने शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ मीटिंग की। कार्यकारी अभियंता पातड़ ने बताया कि ब्याज माफी योजना को 31 अगस्त तक बढ़ाया गया है। ऐसे में गांव व शहर के अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ता इस का फायदा उठा सके, इसके लिए कर्मचारी प्रचार प्रसार करें।उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू, कृषि क्षेत्र एवं सरकारी नगर पालिका ग्राम पंचायत आदि उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 2021 तक बकाया था और उन्होंने अब तक नहीं भरा है वह अपना बकाया बिल राशि का एक साथ भुगतान करने पर 10 फीसद की अतिरिक्त छूट उपभोक्ता को दी जा रही है। एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रदेश सह सचिव प्रदीप लौरा ने कहा कि सरकार की यह बहुत अच्छी पहल है जिससे उपभोक्ता अपना बिल भरकर अपना कनेक्शन वापस लगवाया जा सकता है इसलिए सभी उपभोक्ता इस स्कीम का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं। इस मौके पर डिवीजन अकाउंटेंट प्रदीप बुधवार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट राजेश जैन, सुरेश भ्याना कर्मचारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** बैठक को संबोधित करते बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता विनीत पातड़।

### योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ ने योग करके योग दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने योग के महत्व को दर्शाते हुए बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। इस अवसर पर प्रो. डॉ. शशिकला यादव और व हीना पाहुजा ने योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए समस्त स्टाफ सदस्यों को योग करवाया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मैडम हीना पाहुजा, एनएसएस की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय प्रांगण में 25 छायादार पौधे लगाए।

### अधिवक्ताओं के नए चैंबर निर्माण से संबंधित यूएलबी विभाग की मिली स्वीकृति



**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ताओं के लिए प्रस्तावित नए चेम्बर निर्माण कार्य की प्रक्रिया में लंबे समय से लंबित जोनिंग संबंधी औपचारिकताओं को अब सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा सहित एसोसिएशन के सदस्य नगर निगम स्थित मेयर कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली से मुलाकात की। जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान संदीप बूरा ने बताया कि अधिवक्ताओं के नए चेम्बर निर्माण के लिए आवश्यक जोनिंग रिपोर्ट की फ़ाइल हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकूला में काफी समय से लंबित थी, जिसमें तकनीकी आपत्तियां दर्ज की गई थीं। हिसार बार के पदाधिकारियों द्वारा शीघ्र इन आपत्तियों को दूर कर संशोधित फाइल विभाग में पुनः भेजी गई और इसमें मेयर प्रवीण पोपली ने व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हुए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करवाई।

### बच्चों व साधकों के लिए चार दिवसीय शिविर शुरू

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में बच्चों व साधकों के लिए दो शिविर धूमधाम से शुरू किए गए। बच्चों ने मेडिटेशन व सेलिब्रेशन शिविर और साधकों ने दि आर्ट ऑफ ब्लिसफुल लिविंग शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में बच्चों ने जहां फन गेम्स का लुत्फ उठाते हुए मेडिटेशन सीखा, वहीं साधकों को तनाव, चिंता व अवसाद से बचने के उपाय बताए गए। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 8 जून तक चलने वाले इन दो शिविरों में विभिन्न क्षेत्रों से बच्चे व साधक हिस्सा ले रहे हैं। दोनों शिविरों के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि पंजाब से स्वामी चंद्रशेखर, जम्मू से मां प्रियांशी व जयपुर से स्वामी मनीष व मां निशा साधकों व बच्चों को जीवन के विभिन्न आयामों से परिचय करवा रहे हैं।

## पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका : सीजेएम

- सीजेएम अशोक कुमार ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** केंद्रीय कारागार में पौधारोपण करते सीजेएम अशोक कुमार।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीजेएम अशोक कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए केंद्रीय कारागार हिसार-1 और हिसार-2 में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए और उपस्थित अधिकारियों, जेल स्टाफ तथा बंदियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। सीजेएम अशोक कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल हमें स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते हैं, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जैसी पहलें न केवल जेल परिसर को हरित और स्वच्छ बनाती हैं, बल्कि यह बंदियों में भी सकारात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जाग्रत करती हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी या सामाजिक संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## सड़क और सीवरेज की बदहाल स्थिति पर विधायक जिंदल ने जताई चिंता



**हिसार।** अधिकारियों को दिशानिर्देश देते विधायक सावित्री जिंदल।

**हिसार।** विधायक सावित्री जिंदल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इस दौरान वहां की सड़कों और सीवरेज की हालत अत्यंत दयनीय मिली। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलकार सिंह व एसडीओ संजय दूहन भी मौजूद रहे, जिन्होंने स्थानीय लोगों की शिकायतों को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। विधायक जिंदल ने ठेकेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्य तय समय सीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी अपील की कि वे कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर निगरानी रखें।

## शहीद भगत सिंह हाई स्कूल में किया मोटिवेशनल कैंप का आयोजन




**हांसी।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते भाविप सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

भारत विकास परिषद द्वारा शहीद भगतसिंह हाई स्कूल में चार दिवसीय कैंप मोटिवेशनल कैंप लगाया। कैंप की संयोजिका निशा आहूजा और राज सैनी ने बताया कि कैंप में रिदिका ने डांस, हिमांशी ने मेहंदी, सीमा जांगड़ा और प्रियंका ने लिखाई, आदविका ने सेल्फ डिफेंस और यष्टि चलना सिखाया। कैंप के समापन पर सभी बच्चों में प्रतियोगिता भी कराई गई और इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर चंचल कौशिक, गीता ठकराल, रेनू खुराना, विद्या देवी, शाखा अध्यक्ष दयानंद महता, सचिव श्रीचंद आहूजा, सुभाष गर्ग, चंद्र अरोड़ा, पूनम मनचंदा, सविता भारद्वाज व मुख्य अध्यापक राम अवतार सिंह आदि उपस्थित थे।



**हिसार।** शिमला के लिए रवाना होता हरियाणा कला संस्कृति मंच का दल।

### 'बलात्कार' नाटक के मंचन के लिए शिमला रवाना

**हिसार।** हरियाणा कला संस्कृति मंच के बैनर तले शिक्षा विभाग के प्रतिभाशाली कलाकारों का दल अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को गेटी थिएटर, शिमला के लिए रवाना हुआ। इस दल को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर प्रदीप नागर के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय कलाकार संघ, शिमला द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर के 20 राज्यों से 1000 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले इस दल द्वारा /"बलात्कार/" नामक नाटक का मंचन किया जाएगा, जिसकी पटकथा सामाजिक जागरूकता पर आधारित है। यह नाटक पूर्व में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता पटना (बिहार) में प्रस्तुत किया जा चुका है, जहां इसे विशेष सराहना प्राप्त हुई। निर्देशक सतीश बलमिया व उनकी पूरी टीम सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध विभिन्न नाटकों के मंचन द्वारा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत हैं। कलाकारों की टीम में निर्माता एवं निर्देशक सतीश बलमिया, टीम मैनेजर प्राचार्य यशपाल मोर, अन्नू खनगवाल, सुनील प्रभाकर, सरोज नेहरा आदि रहे।

### हकृवि ने जीवाणु निजी क्षेत्र की कंपनी के साथ किया समझौता

# जीवाणु खाद मृदा की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने में सहायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हैबिटेट जीनोम प्राइवेट इम्प्रुवमेंट प्राइमरी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के साथ जीवाणु खाद उत्पादन बारे एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के बायो फर्टिलाइजर प्रोडक्शन यूनिट में वैज्ञानिकों की मदद से गुणवत्ता युक्त जीवाणु खाद का उत्पादन बढ़ाया जाएगा।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कंपनी के अधिकारियों के साथ।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज ने बताया कि यह साझेदारी किसानों तक उच्च गुणवत्तायुक्त की जीवाणु खाद पहुंचाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पहले से ही फसलों के अनुसार उपयुक्त जीवाणु की पहचान कर ली गई है, इन जीवाणुओं से फसल उत्पादन में काफी सहायता मिली है। दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम का टीका, अनाज, फल, फूल एवं सब्जियों के लिए ऐजाटोबैक्टर का टीका सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के बायोफर्टिलाइजर यूनिट में तैयार किए जाते हैं। ये टीके वायुमंडलीय नाइट्रोजन को ग्रहण कर पौधों को प्रदान करते हैं।

इस समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने हस्ताक्षर किए जबकि हैबिटेट जीनोम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एमडी सुरेंद्र सिंह स्याहडवा व चेयरमैन सतीश कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, बौद्धिक संपदा अधिकारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग, बायो फर्टिलाइजर प्रोडक्शन यूनिट प्रभारी डॉ. अनुज राणा, हैबिटेट जीनोम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. एचआर शर्मा उपस्थित रहे।